Doc. No. 175/2020
Amendment Series No. 72

**No.1/20/1/2018-Cab.**
**Government of India (Bharat Sarkar)**
**Cabinet Secretariat (Mantrimandal Sachivalaya)**
**Rashtrapati Bhavan**

**New Delhi, the April 3, 2020**

## ORDER

In exercise of the powers conferred by sub-rule (1) of rule 6 of the Government of India (Transaction of Business) Rules, 1961, the Prime Minister hereby makes the following further amendments to the First Schedule to the said rules, namely: -

In the Government of India (Transaction of Business) Rules, 1961, in THE FIRST SCHEDULE, for serial numbers 7 and 8, the names of the Standing Committees and their functions, the following shall be substituted, namely: -

**"7. Cabinet Committee on Investment and Growth.**

(i) to consider measures to promote investment and growth;

(ii) to consider sector specific reforms and other measures aimed at export promotion, import substitution, accelerating capital inflows, etc.;

(iii) to consider various measures for improving Ease of Doing Business including rationalization and simplification of rules and regulations, etc.;

(iv) to consider measures to fast-track requisite approvals and implementation of key ongoing as well as new projects; and

(v) to consider any other matter relating to boosting investment and growth.

**"8. Cabinet Committee on Employment and Skill Development.**

(i) to consider policies, programmes and other measures for employment generation and skill development;

(ii) to consider measures aimed at developing skills and enhancing employability of workforce for effectively meeting the emerging requirements of the economy;

(iii) identification and removal of gaps between the requirement and availability of skills in different sectors;

(iv) to consider measures aimed at increasing workforce participation with particular emphasis on women workforce;

(v) to consider measures for expeditious implementation of employment generation and skill development initiatives by the Ministries/Departments and to periodically review the progress in this regard; and

(vi) to consider any other matter relating to employment generation and skill development.".

(Sarwesh Kumar Arya)
for Cabinet Secretary
Tel: 2379 2204

संशोधन अवलि सं.72

सं. 1/20/1/2018-मंत्रि.
भारत सरकार
मंत्रिमंडल सचिवालय
राष्ट्रपति भवन

नई दिल्ली, दिनांक 03 अप्रैल, 2020

**आदेश**

प्रधान मंत्री, भारत सरकार (कार्यकरण) नियम, 1961 के नियम 6 के उप-नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त नियमों की प्रथम अनुसूची में निम्नलिखित और संशोधन करते हैं, अर्थात्:-

भारत सरकार (कार्यकरण) नियमावली, 1961 में प्रथम अनुसूची में क्रम संख्या 7 व 8, स्थाई समितियों के नाम और उनके कृत्य, के स्थान पर निम्नलिखित रखे जाएंगे:-

"7. **निवेश तथा वृद्धि संबंधी मंत्रिमंडल समिति।**

(i) निवेश तथा वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए उपायों पर विचार करना;

(ii) निर्यात प्रोत्साहन, आयात प्रतिस्थापन, पूंजी अंतर्वाह इत्यादि में तेजी लाने की दिशा में क्षेत्र विशेष सुधारों तथा अन्य उपायों पर विचार करना;

(iii) नियमों और विनियमों को युक्तिसंगत और सरल बनाने सहित ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार हेतु विभिन्न उपायों पर विचार करना;

(iv) प्रमुख चालू और नई परियोजनाओं के लिए आवश्यक अनुमोदनों और कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए उपायों पर विचार करना; और

(v) निवेश तथा वृद्धि को बढ़ावा देने संबंधी अन्य किसी भी मामले पर विचार करना।

8. **रोजगार तथा कौशल विकास संबंधी मंत्रिमंडल समिति।**

(i) रोजगार सृजन और कौशल विकास के लिए नीतियों, कार्यक्रमों और अन्य उपायों पर विचार करना;

(ii) अर्थव्यवस्था की उभरती जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए कौशल विकसित करने और कार्यबल की नियोजनीयता को बढ़ाने के उद्देश्य से उपायों पर विचार करना;

(iii) विभिन्न क्षेत्रों में कौशल आवश्यकता और उपलब्धता के बीच की कमियों को पहचानना तथा उसे दूर करना;

(iv) महिला कार्यबल पर विशेष जोर देते हुए कार्यबल सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से उपायों पर विचार करना;

(v) मंत्रालयों/विभागों द्वारा किए गए रोजगार सृजन तथा कौशल विकास पहलों का तेजी से कार्यान्वयन के उपायों पर विचार करना और इस संबंध में की गई प्रगति की समय-समय पर समीक्षा करना; और

(vi) रोजगार सृजन और कौशल विकास संबंधी किसी भी अन्य मामले पर विचार करना।"

सर्वेश आर्य

(सर्वेश कुमार आर्य)
कृते मंत्रिमंडल सचिव
दूरभाषः 2379 2204